प्रादेशिक समाचार

10.11.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भारत की जल प्रबंधन से जुड़ी पहल विकासशील देशों के लिए एक उदाहरण बनकर उभरी हैं। विश्व बैंक समूह में जल विभाग के वैश्विक निदेशक सरोज कुमार झा ने भारत की प्रगति को उल्लेखनीय सफलता बताया है। सम्मेलन शुरू होने से पहले श्री झा ने जल जीवन मिशन, नमामि गंगे और स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहलों की सराहना की।

****

जमशेदपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर एक बार फिर स्वच्छता के मंच पर परचम लहराया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 11 नवंबर को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लौहनगरी को सम्मानित करेंगी। हालांकि, शहर की अंतिम रैंकिंग और अंकों का खुलासा समारोह में ही किया जाएगा। यह गौरवशाली उपलब्धि जमशेदपुर अक्षेस, जुस्को, जागरूक नागरिकों और सफाई में जुटे स्वच्छता मित्रों के कड़े परिश्रम का साझा परिणाम है।

****

गिरिडीह जिले के नगर निगम के सफाईकर्मी वेतन और बोनस की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए हैं। छठ पर्व पर वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने भुगतान की मांग की। नगर आयुक्त विजय सिंह विरुआ ने राशि उपलब्ध होते ही पूरा भुगतान करने का भरोसा दिया है। वहीं, वार्ड पार्षद गुड्डू ने भी सफाईकर्मियों की मांगों का समर्थन किया है।

****

रांची सर्किट हाउस में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर उनका समर्थन जताया। मोर्चा ने उनके मान–सम्मान और अधिकारों की लड़ाई में साथ देने का भरोसा दिया। महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला यादव ने धुर्वा स्थित सरकारी आवास खाली कराने की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की।

****

रांची में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। किसी भी संभावित दुर्घटना या आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ के जवानों ने आज धुर्वा डैम पहुंचकर रूट मार्च किया और जलाशय व आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। साथ ही घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया।

****

वहीं जमशेदपुर में छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। स्वर्णरेखा और खरकई नदी के किनारे स्थित 18 घाटों में से 12 को डेंजर जोन घोषित किया गया है। धालभूम अनुमंडल के एसडीओ अर्णव मिश्रा ने बताया कि यहां गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम तैनात रहेगी। वहीं, उन्होंने दोमुहानी घाट पर अवैध कब्जे और घाटों की खरीद–बिक्री की शिकायतों पर प्रशासन ने कार्रवाई की चेतावनी दी है।

****

जमशेदपुर में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने परिवार संग गौ माता की विधि–विधान से पूजा की। इस दौरान उनकी पत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक सह पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू भी उपस्थित रहीं। रघुवर दास ने गौ संरक्षण का संदेश देते हुए झारखंडवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

बोकारो के नावाडीह स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय की 11वीं की छात्रा पूनम कुमारी का चयन 70वीं एसजीएफआइराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में हुआ है। जम्मू में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में वे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। पूनम ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और कोच चंद्र भूषण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन को दिया है।

**********समाप्त**********